**मनमानी** कृषि विज्ञान प्रदर्शनी पर उठने लगे सवाल, कोतमा के दोनों प्राचार्यों से हस्तक्षेप की मांग

# 10वीं पास व्यक्ति दे रहा 12वीं के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण

**जमुना कोतमा नवभारत 21 जनवरी।** कोतमा नगर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोतमा एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोतमा में आयोजित की जा रही कृषि विज्ञान प्रदर्शनी को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसने पूरे आयोजन की पारदर्शिता और गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

जानकारी के अनुसार रोहित कुमार नामक व्यक्ति ने स्वयं लिखित रूप से यह स्वीकार किया है कि वह केवल 10वीं पास है, इसके बावजूद वह 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने का दावा कर रहा है। इस तथ्य के सामने आने के बाद शिक्षा व्यवस्था और छात्रों के भविष्य को लेकर गंभीर चिंताएं उत्पन्न हो गई हैं।







### प्रदर्शनी कागजी औपचारिकता बनकर रह गई

स्थानीय लोगों का कहना है कि जो व्यक्ति स्वयं 10वीं पास है, वह 12वीं स्तर के विद्यार्थियों को किस प्रकार और किस स्तर का प्रशिक्षण दे सकता है, यह अपने आप में बड़ा सवाल है। ऐसे में यह आशंका भी जताई जा रही है कि पूरी कृषि विज्ञान प्रदर्शनी केवल कागज़ी औपचारिकता और फोटो तक सीमित खानापूर्ति बनकर न रह जाए।

### विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किया जा रहा खिलवाड़

यह मामला सामान्य नहीं है, बल्कि सीधे-सीधे शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों के भविष्य और शासन की योजनाओं की विश्वसनीयता से जुड़ा हुआ है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि ऐसे व्यक्ति को प्रशिक्षण देने की अनुमति किस आधार पर दी गई और क्या उसकी शैक्षणिक योग्यता की कोई जांच की गई थी।



### मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोतमा की प्राचार्य निर्मला दुबे एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोतमा के प्राचार्य आरके मिश्रा से निवेदन किया गया है कि वे इस मामले का तत्काल संज्ञान लें और आवश्यक जांच कराकर स्थिति स्पष्ट करें। स्थानीय नागरिकों एवं अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।



# जीप पलटी, 9 तीर्थयात्री घायल

**अयोध्या से लौट रही जीप के चालक को झपकी आने से हुआ हादसा**

**अनूपपुर, नवभारत 21 जनवरी।** अमरकंटक थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोंड़ी के पास बुधवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। अयोध्या से छत्तीसगढ़ लौट रही तीर्थयात्रियों से भरी एक जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में वाहन में सवार 9 लोग घायल हो गए, जिनमें से 4 को हल्की चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार जीप क्रमांक सीजी 12 एई 6303 उत्तर प्रदेश के अयोध्या से छत्तीसगढ़ के महासमुंद जा रही थी। दोपहर करीब 1 बजे जैसे ही वाहन ग्राम पोंड़ी के पास पहुंचा, चालक का नियंत्रण अचानक गाड़ी से हट गया और जीप सड़क पर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही अमरकंटक थाना प्रभारी एल.बी. तिवारी ने तत्काल 100 डायल वाहन को मौके पर भेजा। सभी घायलों को राजेंद्रग्राम स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण चालक की लापरवाही सामने आई है।

### चालक ही जीप का मालिक है

थाना प्रभारी ने बताया कि वाहन चालक ही जीप का मालिक है और वह लंबे समय से लगातार वाहन चला रहा था। अत्यधिक थकान के कारण उसे नींद की झपकी आ गई, जिससे हादसा हो गया। गनीमत रही कि दुर्घटना में किसी की जान नहीं गई। 4 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

# अमरकंटक में नर्मदा महोत्सव 24 व 25 को

**गायिका अभिलिप्सा पांडा देंगी भक्ति गीतों की प्रस्तुति**

**अनूपपुर, नवभारत 21 जनवरी।** जिले की नर्मदा उद्गम नगरी अमरकंटक में मां नर्मदा की जयंती के अवसर पर दो दिवसीय नर्मदा महोत्सव-2026 का आयोजन 24 एवं 25 जनवरी को किया जाएगा।

संस्कृति सलिला मां नर्मदा की पावन उद्गम स्थली अमरकंटक में आयोजित यह महोत्सव धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गतिविधियों से ओतप्रोत रहेगा। महोत्सव के प्रथम दिवस 24 जनवरी को प्रात: 11 बजे मां नर्मदा शोभायात्रा, दोपहर 1 बजे अखण्ड कीर्तन, शाम 4 बजे निर्झरणी महोत्सव, शाम 7 बजे महाआरती तथा रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



### सांस्कृतिक संध्या होगी आकर्षण का केंद्र

द्वितीय दिवस 25 जनवरी को प्रात: 11 बजे मां नर्मदा जन्मोत्सव पूजन, दोपहर 12 बजे कन्या पूजन एवं भण्डारा, शाम 6.45 बजे माँ नर्मदा मंदिर प्रांगण में महाआरती तथा शाम 7.15 बजे रामघाट अमरकंटक में माँ नर्मदा महाआरती का आयोजन होगा। महोत्सव की विशेष आकर्षण रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक संध्या होगी, जिसमें हर हर शंभू शिव महादेवा फेम मशहूर भक्ति गायिका अभिलिप्सा पांडा द्वारा भक्ति गीतों की विशेष प्रस्तुति रामघाट के उत्तर तट में दी जाएगी।

## स्वच्छता साथियों को किट का किया गया वितरण

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला पंचायत की सामान्य सभा के दौरान केल्हौरी एवं आमाडांड क्लस्टर के स्वच्छता साथियों को वॉश ऑन व्हील योजना के अंतर्गत स्वच्छता किट प्रदान की गई। किट का वितरण जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह, उपाध्यक्ष पार्वती वाल्मीकि राठौर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी तथा जिला पंचायत सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत जिले में घरेलू एवं संस्थागत सामुदायिक शौचालयों की ऑनसाइट वॉश ऑन व्हील सेवा प्रारंभ की गई है।

# समय सीमा में पूरा करें विकास कार्य : प्रीति

**दिव्यांग विद्यार्थियों की उच्चतर शिक्षा हेतु शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव**

**अनूपपुर, नवभारत 21 जनवरी।** जिले में बुधवार को जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह ने की।




इस अवसर पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्रीय विकास के सभी कार्य प्रतिबद्धता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं तथा कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, जिससे आम नागरिकों को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पार्वती वाल्मीकि राठौर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके सोनी सहित जिला पंचायत सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### लेबर बजट की समय पर पूर्ति करने के निर्देश

बैठक के दौरान मनरेगा योजना के अंतर्गत श्रमिक नियोजन बढ़ाकर लेबर बजट की समय पर पूर्ति करने, साथ ही सर्व शिक्षा अभियान, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई, जनजाति कार्य विभाग, ऊर्जा विभाग, मत्स्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जिले के दिव्यांग विद्यार्थियों की उच्चतर शिक्षा के लिए कक्षा आठवीं से बारहवीं तक कक्षाओं के संचालन हेतु प्रस्ताव शासन को भेजने का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

# वार्ड 15 कोतमा व वार्ड 4 बिजुरी सेमीफाइनल में

**मंत्री प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता, मधुसूदन ने छक्कों की हैट्रिक से जीते हजारों के इनाम**

**कोतमा नवभारत 21 जनवरी।** स्थानीय द्रोणाचार्य स्टेडियम में चल रहे 'मंत्री प्रीमियर लीग' का रोमांच अब अपने चरम पर पहुंच गया है। प्रतियोगिता में खेले गए महत्वपूर्ण मैचों में वार्ड 15 कोतमा और वार्ड 4 बिजुरी ने शानदार जीत दर्ज कर सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर लिया है।

अंतिम लीग मुकाबला बहेराबांध और विचारपुर के बीच खेला गया। बहेराबांध ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 84 रन बनाए। जवाब में विचारपुर लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर जीत दर्ज की। अंकित विश्वकर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबला वार्ड 15 कोतमा और सेमरा के बीच खेला गया। इस मैच के मुख्य अतिथि एसडीओपी आरती शाक्य रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में थाना प्रभारी कोतमा रत्नाम्बर शुक्ला, थाना प्रभारी बिजुरी विकास सिंह, थाना प्रभारी रामनगर सुमित कौशिक और थाना प्रभारी भालूमाड़ा विपुल शुक्ला उपस्थित रहे।



### वार्ड 15 की आसान जीत

पहले बल्लेबाजी करते हुए वार्ड 15 ने 145 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। मधुसूदन ने विस्फोटक पारी खेलते हुए मात्र 24 गेंदों पर 85 रन ठोक दिए।

मधुसूदन ने अपनी पारी के दौरान लगातार दो बार छक्कों की हैट्रिक लगाई। इस उपलब्धि पर पार्षद दिप्पू सोनी, पार्षद ठाकुर, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन और थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ला द्वारा घोषित कुल 11,800 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। जवाब में सेमरा की टीम लक्ष्य को हासिल नहीं कर पायी।

मधुसूदन को 'मैन ऑफ द मैच' और वार्ड 15 के विकेटकीपर को शानदार कैच के लिए 'बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड' दिया गया।

### कमलेश रहे मैन ऑफ द मैच

दूसरे क्वार्टर फाइनल में वार्ड 4 बिजुरी ने जीत हासिल की। इस मैच में प्रतिष्ठित व्यापारी कैलाश जैन, राजेश जैन, धीरेन्द्र जैन और विनय चावड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वार्ड 4 बिजुरी ने पहले खेलते हुए 116 रन बनाए। जवाब में राजनगर वार्ड 10 की टीम निर्धारित ओवरों में 117 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। वार्ड 4 के कमलेश को 'मैन ऑफ द मैच' और लकी द रेसर को 'बेस्ट परफॉर्मेंस ऑफ द मैच' का पुरस्कार दिया गया।

## एसआईआर अभियान में की सहभागिता

**नवभारत,जबलपुर।** जिला निर्वाचन कार्यालय की स्वीप शाखा द्वारा मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रति जन जागरूकता के उद्देश्य से श्रीराम कॉलेज में दो दिवसीय जिला स्तरीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय रेवा बी. एड.कॉलेज, अधारताल के छात्रों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की एवं प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। प्रस्तुति के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने तथा संशोधन के लिए निर्धारित फार्म में दावा-आपत्ती दर्ज कराने से संबंधित जानकारी दी गई ताकि आम जनता तक मतदान संबंधी जागरूकता का प्रचार एवं प्रसार हो सके।



# चोरी गई ट्रैक्टर ट्रॉली की गई बरामद

**बिजुरी पुलिस ने 3 दिन में किया खुलासा**

**अनूपपुर, नवभारत 21 जनवरी।** बिजुरी पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी की वारदात का महज तीन दिनों में खुलासा कर दिया। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद करते हुए करीब 7 लाख रुपये मूल्य का मशरूका जब्त किया है। जानकारी के अनुसार 19 जनवरी को फरियादी रामखेलावन सिंह पिता सम्मन सिंह निवासी मैरटोला कटकोना थाना बिजुरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12-13 जनवरी की दरम्यानी रात उनके घर के सामने खड़ी ट्रैक्टर की ट्रॉली अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई। आसपास काफी तलाश करने के बावजूद ट्रॉली का कोई सुराग नहीं मिला। शिकायत के आधार पर थाना बिजुरी में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

### दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और तकनीकी व स्थानीय सूचनाओं के आधार पर संदेहियों पर नजर रखी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पवन सिंह पाव तथा राकेश सिंह कंवर उर्फ लाला को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर ली गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 7 लाख रुपये है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।



## विकास पखवाड़ा के तहत व्याख्यान माला आयोजित

**अनूपपुर, नवभारत।** ग्राम विकास पखवाड़ा के अंतर्गत ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्था सारथी पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण बिजुरी के कार्यालय में सेक्टर स्तरीय व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास, सामाजिक जागरूकता एवं जनभागीदारी को सशक्त बनाना रहा। व्याख्यानमाला के दौरान वक्ताओं ने ग्रामोदय से अभ्युदय की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांवों का समग्र एवं सतत विकास ही प्रदेश की उन्नति का आधार है। उन्होंने युवाओं की सक्रिय भागीदारी को विकास की धुरी बताया।

# जिपं सीईओ को कई विभागों की दी जिम्मेदारी

**अनूपपुर, नवभारत 21 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हर्षल पंचोली ने जिले में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य पूर्व में जारी कार्य-विभाजन आदेश में संशोधन करते हुए नवीन कार्य-विभाजन आदेश जारी किए हैं।

इस आदेश के तहत विभिन्न प्रशासनिक, राजस्व, कानून-व्यवस्था एवं विकास संबंधी दायित्वों का पुनर्निर्धारण किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हर्षल पंचोली के पास म.प्र. भू-राजस्व संहिता, 1959 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मूल अधिकारिता, विस्फोटक अधिनियम से संबंधित प्रकरणों का निराकरण रहेगा। अपर कलेक्टर (विकास) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी को विकास, पंचायत, योजना, शिक्षा, जनजातीय कार्य, ई-गवर्नेन्स, जनसमस्या निवारण, जनकल्याण शिविर सहित अनेक विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### अपर कलेक्टर पाण्डेय को कई दायित्व सौंपे

अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय को म.प्र. भू-राजस्व संहिता के अंतर्गत अपील-पुनरीक्षण प्रकरण, कानून-व्यवस्था, मजिस्ट्रेट ड्यूटी, विशेष विवाह अधिनियम, वित्तीय स्वीकृति, सेवा निवृत्ति एवं पेंशन प्रकरणों सहित कलेक्टर कार्यालय की कई महत्वपूर्ण शाखाओं का दायित्व सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर प्राशी अग्रवाल को जिला शहरी विकास, परिवहन, कोषालय, सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई सहित अनेक शाखाओं का प्रभार सौंपा गया है।

## कार्यालय कलेक्टर, जिला - अनूपपुर (म.प्र.)

क्रमांक- 998271 / री.कले. / राजस्व भूमि / 26 -: **अधिसूचना** :- दिनांक 20/01/2026

**संशोधित आवेदन पत्र का आमंत्रण**

जिला अनूपपुर के अन्तर्गत तहसील अनूपपुर में न्यूजोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रस्तावित 2×800 मेगावाट ताप विद्युत परियोजना की स्थापना हेतु तहसील अनूपपुर के ग्राम रक्सा एवं कोलमी की कुल 41.966 हेक्टेयर (निजी भूमि) का अधिग्रहण किया जाना प्रस्तावित है, जिनके अर्जन के पूर्व सामाजिक समाघात निर्धारण (S.I.A.) कराया जाना है, निजी भूमियों का विवरण निम्नानुसार है:-

**न्यूजोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के परियोजना की स्थापना हेतु**

| क्रम सं. | तहसील | ग्राम का नाम | कुल किता | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनूपपुर | रक्सा | 29 | 5.1330 |
| 2. | अनूपपुर | कोलमी | 09 | 4.006 |
| 3. | अनूपपुर | रक्सा | 58 | 30.208 |
| 4. | अनूपपुर | कोलमी | | 2.619 |
| योग- | | | 96 | 41.966 |

उक्त भूमि के अर्जन के पूर्व भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के अनुसार सामाजिक समाघात आंकलन (Social Impact Assessment) करने हेतु प्रतिष्ठित केन्द्रीय / राज्य सरकार / अर्द्धसरकारी / अन्य संस्थान / गैरसरकारी संस्थान / विश्वविद्यालय आदि से उक्त परियोजना हेतु प्रस्तावित भूमि के लिए तकनीकी एवं वित्तीय निविदा आमंत्रित की जाती है।

**1- पात्रता :-**

(अ) सामाजिक समाघात आंकलन (Social Impact Assessment) करने हेतु प्रतिष्ठित केन्द्रीय/राज्य सरकार/अर्द्ध सरकारी संस्थान / विश्वविद्यालयों द्वारा आवेदन किया जा सकता है।

(ब) इच्छुक गैर सरकारी संस्थान प्रश्नगत अधिनियम में कम्पनी/ सोसायटी के रूपमें पंजीकृत हो अथवा कम से कम पिछले पाँच वर्ष पूर्व से किसी अन्य सुसंगत अधिनियम में पंजीकृत हो।

(स) संस्थान के पास पर्याप्त मानव संसाधन जिसमें योग्य स्तर के प्रबन्धन के लिये उपयुक्त व्यक्ति जो शीर्ष और मध्यम स्तर के प्रबन्धक स्तर पर कुशल कार्य कर रहे हों।

(द) संस्थान के पास पेशेवर प्रबन्धन, अर्थशास्त्री, समाज शास्त्री / मानव वैज्ञानिक आदि होने चाहिए, जिसका विवरण आवेदन पत्र के साथ देना अनिवार्य होगा।

(य) पूर्व में जिन्होंने सामाजिक समाघात अध्ययन किया हो, ऐसे संस्थान को वरीयता दी जायेगी।

**2.- आवेदन का प्रारूप :-**

संस्थान द्वारा किये गये आवेदन में संस्थान की संरचना का विवरण शामिल होना चाहिए. जो सामाजिक प्रभाव अध्ययन मूल्यांकन करने के लिये जिम्मेदार होगा। आवेदन के साथ सामाजिक प्रभाव अध्ययन या इसी तरह के जुड़े पूर्व में किये गये अध्ययनों का विवरण दिया जाय, जिसमें परियोजना के संबंध में अध्ययन किये जाने संबंधी समय और स्वरूप का विवरण विस्तार से हो

**3- पात्रता का चयन :-**

प्राप्त कुल आवेदनों का मूल्यांकन संस्थान द्वारा दिये गये विवरण के आधार पर किया जायेगा। इस कार्य हेतु उपलब्ध स्टाफ, कार्यरत विशेषज्ञो तथा प्रस्तावित कार्यक्षेत्र अथवा अन्य प्रकार की परियोजनाओं हेतु किये गये पूर्व अध्ययन को शामिल किया जायेगा। अतः संस्था द्वारा इसका विवरण अवश्य अंकित किया जाय।

4- संस्थान के चयन को निरस्त करने के लिये किसी भी कारण का बताया जाना अनिवार्य नहीं होगा।

5- इच्छुक संस्थानों के आवेदन पूर्ण विवरण के साथ व्यक्तिगत माध्यम से अथवा पंजीकृत डाक से दिनांक 10 फरवरी 2026 सायं 5.00 बजे तक अपर कलेक्टर जिला अनूपपुर (म.प्र.) के कार्यालय में स्वीकार किये जायेंगे। तदुपरान्त दिनांक 11 फरवरी 2026 अपरान्ह 3.00 बजे कलेक्टर द्वारा गठित समिति आवेदनो का परीक्षण एवं तुलनात्मक तालिका तैयार करेगी। आवेदनकर्ता की तत्समय उपस्थित आपेक्षित है।

**अपर कलेक्टर**
**जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

**आयोजन** नपा बिजुरी के गुलाब ग्राउंड में आनंद उत्सव का आयोजन, नागरिकों में सहभागिता और आपसी मेल-जोल को बढ़ावा देना उद्देश्य

# विद्यार्थियों के उत्साह व उमंग ने आयोजन को बना दिया जीवंत

**अनूपपुर, नवभारत 21 जनवरी।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में राज्य आनंद संस्थान तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में 14 से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में 14 से 24 जनवरी तक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जबकि विकासखंड स्तरीय आयोजन 24 से 28 जनवरी तक संपन्न होंगे। आनंद उत्सव का उद्देश्य नागरिकों में सहभागिता और आपसी मेल-जोल को बढ़ावा देना है।



### खेलकूद आयोजित किए गए

इसी क्रम में विभिन्न परंपरागत खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें कबड्डी, खो-खो, बोरा रेस, रस्साकसी, चेअर रेस, पिट्ठू/सितोलिया, चम्मच दौड़, नीबू दौड़ सहित लोक संगीत, नृत्य, गायन, भजन, कीर्तन एवं नाट्य प्रस्तुतियां शामिल हैं। उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करना है।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

इसी कड़ी में बुधवार को नगरपालिका बिजुरी के गुलाब ग्राउंड में आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने खो-खो, बोरा रेस, नीबू दौड़ जैसी खेल प्रतियोगिताओं तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों के उत्साह और उमंग ने आयोजन को जीवंत बना दिया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में नगरपालिका बिजुरी की अध्यक्ष शहबिन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी पवन साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को सामाजिक समरसता और आनंद की अनुभूति का माध्यम बताया।